बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 134 ● नई दिल्ली ● मंगलवार 10 मार्च 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86

### नांगलोई में डीटीसी बस ने कई लोगों को कुचला, दो की मौत; गुस्साई भीड़ ने किया पथराव और आगजनी

नई दिल्ली । नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी।

## दिल्ली हाईकोर्ट में सीबीआई की अपील पर सुनवाई, केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 को नोटिस जारी

नई दिल्ली ।

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई। दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राऊज एवेन्यू कोर्ट के उस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा कुल 23 आरोपियों को आरोपमुक्त किया था। सीबीआई की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पक्ष रखा। दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़े केस की सुनवाई से रोक दिया है। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि ट्रायल कोर्ट में चल रही ईडी मामले की कार्यवाही को तब तक के लिए टाल दिया जाए, जब तक कि सीबीआई की इस याचिका पर फैसला नहीं हो जाता। वहीं, अदालत ने ट्रायल कोर्ट के फैसले में जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के स्टेटमेंट पर भी रोक लगाई। मामले में सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल मनीष सिसोदिया या अन्य किसी भी आरोपी के तरफ से कोई भी पेश नहीं हुआ था। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। एसजी तुषार मेहता ने हाई कोर्ट में कहा कि यह मामला पूरी तरह से भ्रष्टाचार का है, इस मामले में आरोपियों द्वारा कुल 170 फोन नष्ट किए गए हैं। कोरोना





महामारी के दौरान जिस समय पूरा देश लॉकडाउन में था और आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंध था उस समय रिश्वत लेने देने के लिए प्राइवेट जेट तक का इस्तेमाल किया गया। ट्रायल कोर्ट के आदेश में अप्रूवर दिनेश अरोड़ा के बयानों को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया। दिनेश अरोड़ा इस मामले में महत्वपूर्ण गवाह है। उन्होंने बताया है कि मीटिंग्स में क्या हुआ। दिनेश अरोड़ा के बयानों को आरोप तय करने के स्टेज पर स्वीकार किए जाने चाहिए। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की लंबी याचिका में निचली अदालत के फैसले को चौंकाने वाला और गैरकानूनी करार दिया है। एजेंसी का कहना है कि ट्रायल कोर्ट ने महत्वपूर्ण सबूतों को नजरअंदाज किया और जांच में सामने आए तथ्यों पर सही से विचार नहीं किया। याचिका में दावा किया गया है कि आबकारी नीति में साजिश रचकर कुछ निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का मामला स्पष्ट था, लेकिन निचली अदालत ने इसे नजरअंदाज कर दिया। मामला 2021-22 की दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ा है, जिसे आप सरकार ने लागू किया था, लेकिन भ्रष्टाचार, रिश्वत और कार्टेलाइजेशन के आरोपों के बीच जुलाई 2022 में ही रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि नीति को जानबूझकर इस तरह तैयार किया गया, ताकि शराब कारोबार में कुछ लोगों को एकाधिकार मिले और करोड़ों रुपये की रिश्वत का लेन-देन हुआ। 27 फरवरी 2026 को स्पेशल जज जितेंद्र सिंह की अदालत ने 598 पेज के आदेश में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि सीबीआई का केस पूर्व नियोजित और बनावटी है। केवल बयानों पर केस बनाया गया। अदालत ने जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए थे। सीबीआई की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में 9 मार्च यानी आज सुनवाई हुई। यह मामला हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है।

## मालवीय नगर नस्लीय टिप्पणी मामला- नॉर्थईस्टर्न लोग गंदे कहने वाले दंपती की जमानत याचिका पर फैसला टला

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने पूर्वोत्तर की महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणियों के आरोपी दंपती की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आरोपी दंपती की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समर विशाल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और मंगलवार के लिए आदेश सुरक्षित रखा। आरोपी हर्ष प्रिया सिंह और रूबी जैन को 25 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि उन्होंने दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर की तीन महिलाओं पर नस्लीय गालियां दीं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। आरोपियों के वकील गौरव ने तर्क दिया कि यह मामला केवल पड़ोसियों के बीच हुए सहज विवाद का है, जिसमें दोनों पक्षों ने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि यह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नस्लीय भेदभाव का मामला नहीं है, क्योंकि आरोपी यह नहीं जानते थे कि शिकायतकर्ता आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं की



जनजातीय पहचान को लक्षित करने वाली कोई भाषा नहीं इस्तेमाल की। वकील ने यह भी तर्क दिया कि विवाद किराये के मकान के अंदर हुआ था, जो एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 के तहत सार्वजनिक स्थान नहीं माना जा सकता। उन्होंने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल खुद आरोपियों ने की थी, क्योंकि वे भी शिकायतकर्ताओं की भाषा से डरे हुए थे। गौरव ने कहा कि घटना से जुड़े सभी सबूत पुलिस द्वारा जब्त कर लिए गए हैं और आरोपी पहले से ही जांच में शामिल हो चुके थे, इसलिए अब हिरासत में पूछताछ की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (विभिन्न नस्लीय समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने) को लागू न करने का भी तर्क दिया, क्योंकि वीडियो खुद शिकायतकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया और इसे व्यापक रूप से फैलाया। रूबी जैन की सेहत बिगड़ने का हवाला देते हुए वकील ने कहा कि जेल में उनका इलाज बाधित हुआ है। उन्होंने बीएनएसएस की धारा 480 के तहत महिलाओं को गैर-जमानती अपराधों में विशेष जमानत देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि रूबी की मेडिकल स्थिति उनके मूड और आक्रामकता को प्रभावित करती है, जिससे घटना के दिन उनका व्यवहार प्रभावित हुआ। शिकायतकर्ता लियी नोशी के वकील ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है और जमानत मिलने पर आरोपी गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। एक प्रमुख प्रत्यक्षदर्शी (एयर कंडीशनर लगाने वाला इलेक्ट्रीशियन) की अभी जांच नहीं हुई है। वकील ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की। घटना के तुरंत बाद उन्हें मकान मालिक के घर बुलाया गया, जहां मध्यस्थता के नाम पर दबाव डाला गया कि मामला शांत करें। वकील ने कहा कि शिकायतकर्ता महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। घटना के बाद रात में लोग उनके दरवाजे पर जुट गए थे। ऐसे में मणिपुर की एक लड़की को राज्य में जारी जातीय हिंसा के बीच दिल्ली छोड़कर घर लौटना पड़ा। धारा 196 बीएनएस पर उन्होंने कहा कि वीडियो शिकायतकर्ताओं ने नहीं अपलोड किया था। उन्होंने इसे दोस्तों को मदद मांगने के लिए भेजा था, लेकिन बाद में यह अनियंत्रित तरीके से सोशल मीडिया पर फैल गया। उन्होंने कहा, ÷आरोपी ने साफ कहा था तुम नॉर्थईस्टर्न लोग गंदे हो, यह कैसे किसी समुदाय पर हमला नहीं है?÷आरोपियों का जवाब और अन्य दावे गौरव ने डराने-धमकाने के आरोपों से इनकार किया और कहा कि ऐसी कोई आपराधिक शिकायत दर्ज नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि मामला राजनीतिक प्रभाव और मीडिया ट्रायल का शिकार है।

## पीयूष गोयल बोले- कांग्रेस बहस से भाग रही



नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- यह बहुत बुरा है कि कांग्रेस बहस से भाग रही है। स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन के लिए कांग्रेस के कहने पर एक नोटिस एडमिट किया गया था, जिसे उन्होंने ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया था। इसे ठीक किया गया और फिर एडमिट किया गया। आज की तारीख डिस्कशन के लिए सोच-विचार के बाद तय की गई थी। जब एक मोशन एडमिट हो गया और यह तय हो गया कि आज इस पर डिबेट होगी, तो वे उसी समय दूसरा मोशन ले आए। गोयल ने कहा कि कांग्रेस को पार्लियामेंट्री प्रोसेस या प्रोसीजर समझ नहीं आता, न ही वे कॉन्स्टिट्यूशन की रिस्पेक्ट करते हैं। जब से राहुल गांधी लीडर ऑफ अपोजिशन बने हैं, उन्होंने डिबेट में हिस्सा लेने की कोई इच्छा नहीं दिखाई है। उन्होंने पहले ही मुद्दों की एक लिस्ट बना ली है, प्लेकार्ड लाए हैं, हाउस को डिस्टर्ब किया है और बेबुनियाद मामलों पर पार्लियामेंट का समय बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन इतने जरूरी मुद्दे पर डिस्कशन होना था, विपक्ष ने डिबेट से भागने का फैसला किया, क्योंकि वे साफ तौर पर जानते हैं कि स्पीकर को पूरे हाउस का कॉन्फिडेंस है। यहां तक कि उनके अपने अलायंस के मेंबर भी इस डिबेट से बच रहे हैं। I.N.D.I.अलायंस के अंदर अफरा-तफरी है और कोई भी कांग्रेस को सपोर्ट करने को तैयार नहीं है। इसीलिए वे एक और मोशन लाकर आज की बहस से भागने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी विपक्ष के एक फेल लीडर हैं। उन्हें संविधान या नैतिकता की समझ नहीं है। उन्हें पार्लियामेंट्री प्रोसेस, प्रोसीजर या रूल बुक में कोई दिलचस्पी नहीं है। जिस तरह से वे काम करते हैं, उससे साफ पता चलता है कि कांग्रेस एक दिशाहीन और पूरी तरह से फेल विपक्षी पार्टी है।

## आइरिस लावन को भारत में पनाह दिए जाने पर क्या बोली सरकार? संसद में जयशंकर ने बताया- ईरानी समकक्ष मदद के आभारी



नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत ने एक मानवीय कदम उठाते हुए ईरान के जहाज आईरिस लावन को केरल के कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि इस फैसले के लिए ईरान के विदेश मंत्री ने भारत का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि इस समय ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन भारत ने स्थिति को देखते हुए मानवीय आधार पर यह फैसला लिया। विदेश मंत्री ने संसद को बताया कि 28 फरवरी को ईरान ने अपने तीन जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर रुकने की अनुमति मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को इसकी मंजूरी दे दी। इसके बाद आइरिस लावन 4 मार्च को कोच्चि पहुंचा। जहाज के चालक दल को फिलहाल भारतीय नौसेना की सुविधाओं में रखा गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को लगा कि ऐसा करना सही और मानवीय कदम था। दरअसल, इससे पहले ईरान का एक और युद्धपोत आइरिस डेना डूब गया था। जानकारी के अनुसार यह जहाज श्रीलंका के गाले तट से लगभग 40 समुद्री मील दूर अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में टॉरपीडो से नष्ट हो गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। संसद में बोलते हुए डॉ. जयशंकर ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ सकता है, क्योंकि इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाला हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार तेल की उपलब्धता, कीमत और जोखिम, तीनों बातों को ध्यान में रखकर फैसले ले रही है और भारतीय उपभोक्ताओं के हित को सबसे ऊपर रखा जाएगा। विदेश मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पश्चिम एशिया के कई नेताओं से संपर्क में हैं। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, कतर के अमीर, सऊदी अरब और कुवैत के क्राउन प्रिंस, बहरीन के किंग, ओमान के सुल्तान, जॉर्डन के किंग और इस्राइल के प्रधानमंत्री से बात की है। अमेरिका के साथ भी भारत का राजनयिक स्तर पर संपर्क बना हुआ है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब तक लगभग 67,000 भारतीय अलग-अलग देशों की सीमाएं पार कर सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास पूरी तरह काम कर रहा है और कई देशों में भारतीय दूतावासों ने एडवाइजरी जारी की है। तेहरान में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। हालांकि, इस मुद्दे पर संसद में विपक्ष ने चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी भी की। विपक्षी सांसद तख्तियां लेकर सदन के बीच में आ गए और बहस की मांग करने लगे। उस समय सदन की अध्यक्षता कर रहे सांसद जगदंबिका पाल ने विपक्ष से नारेबाजी न करने और मंत्री की बात सुनने की अपील की।

## अल-फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष को मिली अंतरिम जमानत, साकेत कोर्ट ने 2 हफ्ते के लिए की मंजूर

नई दिल्ली । साकेत कोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को मनी लॉड्रिंग मामले में 2 हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी है. इस पर साकेत कोर्ट ने कहा कि जवाद की पत्नी की तबीयत खराब है और मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है. जवाद अहमद सिद्दीकी ने अपनी पत्नी की सेहत का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की थी. जवाद ने अदालत से अर्जी में कहा उनकी पत्नी चौथे चरण के मेटास्टैटिक ओवेरियन कैंसर से पीड़ित हैं और नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में कीमोथेरेपी करा रही हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अल फलाह विश्वविद्यालय समूह के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को स्थानीय अदालत द्वारा दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती दे सकता है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. ईडी ने कहा है कि मामले के कई अन्य पहलुओं की जांच अब भी जारी है ऐसे में सिद्दीकी जांच को प्रभावित कर सकते हैं. दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को 61 वर्षीय सिद्दीकी को धन शोधन के मामले में दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी. सिद्दीकी पर फरीदाबाद स्थित शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा दी गई फीस से अवैध धन जुटाने और कॉलेजों की मान्यता व प्रमाणन के बारे में गलत जानकारी देने का आरोप है. ईडी ने सिद्दीकी को नवंबर 2025 में गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं. सिद्दीकी ने अपनी पत्नी की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत के लिए अर्जी दी थी. सिद्दीकी की पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं और 12 मार्च को उनकी कीमोथेरेपी होनी है. ईडी के अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एजेंसी जल्द दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानीय अदालत के आदेश को चुनौती देगी. अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय अदालत ने सिद्दीकी को अंतरिम जमानत देते हुए एजेंसी की दलीलों पर 'गंभीरता से विचार नहीं किया' और पिछले साल 10 नवंबर को लाल किला के सामने हुए विस्फोट से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सिद्दीकी के खिलाफ एक अन्य प्राथमिकी दर्ज है. ईडी, आरोपपत्र में लगाए गए आरोपों के बारे में भी उच्च न्यायालय को सूचित कर सकती है कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए गए।

## विपक्ष चर्चा की मांग करता है, फिर हंगामा करता है- जोशी

नई दिल्ली । लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा- आज की काम की लिस्ट में साफ लिखा है कि हम इस पर चर्चा करेंगे। विपक्ष को प्रस्ताव लाना है। क्या प्रोसेस है? जब प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसके सपोर्ट में 50 लोग खड़े होने चाहिए, आज जब चेयर पर बैठे जगदंबिका पाल ने बार-बार कहा कि अगर आप प्रस्ताव लाना चाहते हैं, तो मैं चर्चा की इजाजत देता हूं। जब स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन एजेंडा में है, तो आप बीच में दूसरा प्रस्ताव, दूसरा एडजर्नमेंट मोशन कैसे ला सकते हैं? कोई नियम है या नहीं? क्या कोई संविधान नहीं है? अगर हमें राहुल गांधी के कहे अनुसार सदन चलाना है, तो नियम क्यों होना चाहिए? यह कैसी थ्योरी है कि ये लोग पहले मांग करते हैं और बाद में रुकावट डालते हैं? जब मैं पार्लियामेंट अफेयर्स मिनिस्टर था तो ऐसा कई बार होता था, उनका मानना है कि वे जो कहते हैं वही नियम है। जिस भी चीज पर चर्चा होनी है, वह पहले पीसी में तय होनी चाहिए।

# डीएम ने निर्माण कार्यो की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी

मुरादाबाद।

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजना की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उद्यान अधिकारी के उपस्थित न होने तथा उद्यान निरीक्षक द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उद्यान निरीक्षक को बैठक में बाहर करते हुए तत्काल उद्यान अधिकारी को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। कार्य की गुणवत्ता खराब

**-कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता सुधारने की दी हिदायत**

होने तथा मानक के अनुसार न पाये जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए पुनः निर्माण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी उपकरण सहित जाकर प्रोजेक्ट की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि 5 करोड़ से ऊपर के प्रत्येक प्रोजेक्ट की निर्माण गुणवत्ता की जांच हेतु वहां पर नियमानुसार जरूरी लैब भी स्थापित की जाये। यूपीसीएलडीएफ द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौण्डा का



सुदृढ़ीकरण का कार्य 70 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने कार्य प्रगति बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर का सुदृढ़ीकरण कार्य पिछले माह पूर्ण होने का आश्वासन देने के बावजूद भी कार्य प्रगति 85.33 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य प्रगति बढ़ाकर समय से पूर्ण कर हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। राजकीय पौधशाला फहेलउल्लागंज के सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति 88.35 प्रतिशत होने तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि 31 जनवरी 2026 होने पर जिलाधिकारी ने जल्द ही कार्यपूर्ण कर हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। ग्रामीण अभियंत्रण द्वारा बनवाए जा रहे कस्तूरबा बालिका ठाकुरद्वारा में एकेडमिक ब्लाक एवं छात्रावास भवन निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 45 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि अपने जे.ई. से वार्ता कर कार्य की प्रगति बढ़ायें। उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम द्वारा बिलारी में ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 78.1 प्रतिशत तथा निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 मार्च 2026 होने पर जिलाधिकारी ने समय से कार्य पूर्ण कर हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशासनिक भवन, छात्रावास भवन एवं अन्य भवन निर्माण कार्य में 84.46 प्रतिशत भौतिक प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने कार्य में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कालेज में मिनी स्टेडियम को टेक्नीकल रुप से सही बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जिला विकास अधिकारी जी.बी. पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# लोक अदालत न्याय पाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम



मुरादाबाद।

आम लोगों को सस्ता, त्वरित और सरल न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 मार्च को आयोजित होने वाली वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के विश्राम कक्ष में बैठक की गई, जिसमें अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण और जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश सै. माऊज़ बिन आसिम के मार्गदर्शन में आयोजित हुई।

इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं अपर जिला जज मौहम्मद फिरोज़ ने की, जबकि संयोजन सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने किया। नोडल अधिकारी मौहम्मद फिरोज़ ने कहा कि लोक अदालत आम जनता के लिए न्याय पाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। इसमें आपसी सहमति से मामलों का निस्तारण किया जाता है, जिससे लोगों को लंबे मुकदमों, खर्च और समय की बचत होती है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लोगों को लोक अदालत के बारे में व्यापक स्तर पर जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। सचिव तपस्या त्रिपाठी ने विभागाध्यक्षों से कहा कि लंबित मामलों को चिह्नित कर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल, दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, राजस्व व अन्य समझौता योग्य मामलों का समाधान आपसी सहमति से कराया जाता है। बैठक में तहसीलदार सदर, कांठ, ठाकुरद्वारा नायब तहसीलदार बिलारी, एआरटीओ, सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प, आबकारी निरीक्षक, उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत खोजे जायेंगे टीबी रोगी

मुरादाबाद।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एन के कुरैचया ने बताया कि 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत होटल, छात्रावासों और भोजनालयों में भोजन पकाने और परोसने वाले, मेडिकल कॉलेज के छात्रों, स्वास्थ्य विभाग के डॉ और कर्मचारियों में टीबी रोग की खोज की जायगी।

इसके लिए टीबी रोग विभाग की टीमें होटल, छात्रावासों, मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में जा कर टीबी के लक्षणों के आधार पर टीबी रोग की स्क्रीनिंग कर टीबी रोग की अत्यंधुनिक मशीनों से जांच कराई जाएगी। टीबी के लक्षणों में मुख्य रूप से खांसी, बलगम आना , बलगम में खून आना, भूख कम लगना, वजन घटना, रात में सोते समय पसीना आना, बुखार आना, सीने में दर्द होना, थकान होना हैं। डीपीसी डॉ मोहम्मद जावेद ने बताया कि टीबी रोग की



**इसके लिए टीबी रोग विभाग की टीमें होटल, छात्रावासों, मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में जा कर टीबी के लक्षणों के आधार पर टीबी रोग की स्क्रीनिंग कर टीबी रोग की अत्यंधुनिक मशीनों से जांच कराई जाएगी।**

पुष्टि होने के 48 घंटे के भीतर उपचार प्रारम्भ कर दिया जायेगा, उन्होंने आगे बताया कि रोगी की सम्पूर्ण जानकारी निक्षय पोर्टल पर एंट्री रियल टाइम की जा एगी। डीपीपीएमसी मनोज कुमार ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार के लिए स्कूलों, सामुदायिक बैठकों का आयोजन जनता में जनजागरूकता की जाएगी।

## प्लेटफार्म पर मिला युवक का शव

मुरादाबाद। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर सोमवार को एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान संभल के हातिम सराय निवासी सोनू कश्यप (29) पुत्र भगवत सिंह कश्यप के रूप में हुई। सोनू लगभग तीन महीने से मुरादाबाद की काशीराम कॉलोनी में रह रहा था और पानी बेचने का काम करता था। सोनू के साथ रहने वाले एक युवक ने बताया कि वो नशा करने का आदी था। हालांकि, मृतक के परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि किसी ने सोनू की हत्या कर उसके शव को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर फेंक दिया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया नारी शक्ति सम्मान समारोह

बहराइच।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला खिलाड़ियों सोशल वर्कर, शिक्षक, तथा समाज में सेवाएं देने वाली महिलाओं को मोमेंटो प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक प्रकार के कुटीर उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके और आत्मनिर्भर भारत का सपना पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि इसमें तमाम महिलाएं रोजगार प्राप्त कर अपना सुखमय जीवन व्यतीत कर रही हैं।



प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान दे रही है योगी शासन में महिलाएं अपने को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं।विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकरीवाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने महिलाओं के विकास हेतु 27 प्रतिशत का आरक्षण भी दिया है।

आज देश में महिलाएं सभी प्रकार की नौकरियों में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश का ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाओं का योगदान न हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला संयोजक सोनी श्रीवास्तव ने किया । जबकि संयोजन डॉ अभिलाशा वर्मा एवं संचालन जिला महामंत्री उर्मिला शुक्ला ने किया इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकरीवाल जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा पुष्पा चौधरी ज्योति सिंह मंजू गुप्ता मंजु निगम एकता जायसवाल तथा महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## धूमधाम से मनाया नगर विधायक रितेश गुप्ता का जन्मदिन



मुरादाबाद। शहर विधायक रितेश गुप्ता का 54 वां जन्मदिन आज कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया और बेंड बाजे की धुन पर जमकर डांस किया। कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक रितेश गुप्ता को केक खिलाकर बधाई दी और उनके जन्मदिन पर उनके उ'ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने कहा कि 2027 में एक बार फिर प्रदेश की जनता योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाएगी और सदर विधायक रितेश गुप्ता को बड़ी विजय दिलाकर प्रदेश सरकार में मंत्री बनाये जाने की मांग करेंगे। सदर विधायक के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि आज विधायक के जन्मदिन पर सुबह से ही कार्यालय कार्यकर्ता पहुचने लगे थे उन्होंने बताया कि 6 बजे तक लगभग 500 केक कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने काटे। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ लोग शामिल हुए बीजेपी कार्यकर्ता नगर विधानसभा क्षेत्र और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग रितेश गुप्ता को बधाई देने पहुँचे।

# चार साल के इज़ान ने रखा पहला रोज़ा



**कम उम्र में दिखाई इबादत की मिसाल**

मुरादाबाद। जनपद के आशियाना कॉलोनी के निवासी दानिश जमाल के चार वर्षीय बेटे इज़ान (मिशेल) ने माह रमज़ान में अपना पहला रोज़ा रखकर बड़ो की दुआएं बटोरी। इतनी कम उम्र में पूरे दिन रोज़ा रखकर ब'चे ने इबादत और सब्र की एक सुंदर मिसाल पेश की है। खास बात यह है कि यह नन्हा रोजेदार रोज़ा रखने के साथ-साथ मस्जिद में जाकर तरावीह की नमाज़ भी अदा करता है। इतनी छोटी उम्र में उसकी इबादत के प्रति लगन देखकर परिवार और आसपास के लोग बहुत खुश हैं और उसकी सराहना कर रहे है। परिवार के अनुसार बच्चा अपने माता-पिता को देखकर रोज़ा और नमाज़ के लिए प्रेरित हुआ। रमज़ान के इस पाक महीने में इस नन्हे बच्चे की इबादत लोगों के लिए प्रेरणा का कारण बन रही है और सभी उसके अच्छे भविष्य के लिए दुआ कर रहे हैं।

## सड़क पार कर रही महिला को बस ने मारी टक्कर, गंभीर

मुरादाबाद। महानगर के थाना मझोला क्षेत्र में दिल्ली रोड पर आज एक सड़क हादसा हुआ। दिल्ली से लखनऊ जा रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस ने रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क पार कर रही एक गर्भवती महिला को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल महिला को संभाला। उन्होंने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।




प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार से दिल्ली से लखनऊ की ओर जा रही थी। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क पार करते समय बस ने गर्भवती महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय बस में चालक मजीद और परिचालक अंकित मौजूद थे। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हुई और महाराणा प्रताप चौक पर घेराबंदी कर बस को रोक लिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक और परिचालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। हादसे की स'चाई जानने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस घायल महिला की पहचान करने और उसके परिजनों को सूचित करने का प्रयास कर रही है।

